न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, गढ़ी (राज0)

पीठासीन अधिकारीः अन्जु शर्मा, आर.ए.एस.

प्रकरण संख्याः 159/2022

उनवान

लक्ष्मणलाल ताबीयाड पिता श्री परतुजी ताबीयाड जाति भील निवासी दोलिया ओडा तहसील अरथुना जिला बांसवाडा।

—ः प्रार्थी

बनाम

1. कालिया पिता श्री परतु ताबीयाड जाति भील निवासी दोलिया ओडा तहसील अरथुना जिला बांसवाडा।
2. जोखी पत्नि श्री परतु ताबीयाड जाति भील निवासी दोलिया ओडा तहसील अरथुना जिला बांसवाडा।
3. मोहन पिता श्री परतु ताबीयाड जाति भील निवासी दोलिया ओडा तहसील अरथुना जिला बांसवाडा।
4. तहसीलदार अरथुना जिला बांसवाडा।

—ः अप्रार्थीगण

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत 136— भू—राजस्व अधिनियम

निर्णय

दिनांकः 06.8.2024

संक्षिप्त में तथ्य इस प्रकार हैं कि प्रार्थी व अप्रार्थी नम्बर 01, 02 एवं 03 के संयुक्त स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भुमि खाता संख्या 135 (नया) 30 (पुराना) वाके गांव ओडा तहसील अरथूना जिला बांसवाडा मे स्थित है। जिसके सर्वे नम्बर 285/2 रकबा 0.11हे0, सर्वे नम्बर 293/2 रकबा 0.20 हे0, सर्वे नम्बर 323 रकबा 0.22 हे0, सर्वे नम्बर 341 रकबा 0.28 हे0, सर्वे नम्बर 342 रकबा 0.10 हे0, सर्वे नम्बर 348 रकबा 0.19 हे0, सर्वे नम्बर 351 रकबा 0.12 हे0, सर्वे नम्बर 352 रकबा 0.22 हे0, सर्वे नम्बर 354 रकबा 0.26 हे0, सर्वे नम्बर 355 रकबा 0.03 हे0, सर्वे नम्बर 359 रकबा 0.11 हे0, सर्वे नम्बर 360 रकबा 0.12 हे0, सर्वे नम्बर 361 रकबा 0.17 हे0, सर्वे नम्बर 362 रकबा 0.13 हे0, सर्वे नम्बर 490 रकबा 0.10 हे0, सर्वे नम्बर 491 रकबा 0.16 हे0, सर्वे नम्बर 492 रकबा 0.01 हे0, सर्वे नम्बर 493 रकबा 0.09 हे0, सर्वे नम्बर 503/1678 रकबा 0.05 हे0, सर्वे नम्बर 727/2 रकबा 0.10 हे0, सर्वे नम्बर 731 रकबा 0.14 हे0 कुल किता 21 रकबा 2.91 हे0 भूमि स्थित है। प्रार्थी को बोल चाल की भाषा मे घर पर भेमा पिता परतु के नाम से पुकारा जाता है, जिस कारण प्रार्थी एवं अप्रार्थीगण नम्बर 01, 02, 03 की उक्त संयुक्त कृषि भुमि में प्रार्थी का नाम भेमा पिता परतु अंकित कर दिया है जबकि प्रार्थी का वास्तविक व सही नाम लक्ष्मणलाल ताबीयाड पिता परतुजी ताबीयाड है। प्रार्थी के नाम से आधार कार्ड, मतदाता पहचान, पेन कार्ड, परिवार राशन कार्ड और अन्य समस्त दस्तावेजो मे भी प्रार्थी का वास्तविक नाम लक्ष्मणलाल ताबीयाड पिता श्री परतुजी ताबीयाड ही अंकित है। उक्त त्रुटी की वजह से रेकार्ड में लक्ष्मणलाल ताबीयाड पिता परतुजी ताबीयाड के स्थान पर भेमा पिता परतु अंकित कर देने से प्रार्थी को कई समस्याओ का सामना करना पड रहा है जिस से उक्त राजस्व त्रुटी को दुरस्त करना आवश्यक है। अप्रार्थी नम्बर 01, 02 एवं 03 खाते के संयुक्त खातेदार है जिस कारण से पक्षकार बनाया गया है। प्रार्थी ने राजस्व अधिकारीयों से कई बार निवेदन किया परन्तु राजस्व कर्मचारी ध्यान नही दें रहे है। यह कि अप्रार्थी नम्बर 04 राजस्व रेकार्ड का संधारक है और प्रार्थी ने कई बार निवेदन किया परन्तु राजस्व अधिकारीयों द्वारा प्रार्थी के निवेदन पर कोई कार्यवाही नहीं की गई। प्रार्थी एवं अप्रार्थी नम्बर 01, 02, 03 के संयुक्त खाते के राजस्व रेकार्ड मे हुई त्रुटी को दुरूस्त किया जाना आवश्यक है। इस हेतु प्रार्थना—पत्र 136 भू—राजस्व अधिनियम के तहत पेश हुआ।

Signature Not Verified
Digitally signed by Anju Sharma
Date: 2024.09.09 11:21:09 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी
गढ़ी, जिला बांसवाडा

Scanned with OKEN Scanner

प्रार्थी की ओर से प्रस्तुत प्रार्थना–पत्र रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थीगण के नाम सम्मन जारी किये जाने पर अप्रार्थीगण की ओर से श्री मोहित त्रिवेदी, अभिभाषक का वकालातनाम पेश होकर जवाब प्रस्तुत कर प्रार्थी के प्रार्थना–पत्र को स्वीकार किया गया। प्रकरण में भूमिधारी, तहसीलदार की रिपोर्ट अनुसार भी प्रार्थी का नाम भेमा के स्थान पर लक्ष्मणलाल किया जाने की रिपोर्ट प्रस्तुत हुई।

अतः प्रार्थी की ओर से प्रस्तुत प्रार्थना–पत्र, राजस्व अभिलेख एंव लक्ष्मणलाल ताबियाड के पेन कार्ड, निर्वाचन पहचान–पत्र, आधार कार्ड, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की अंक तालिका, परिवार राशन कार्ड, बैंक खाते की पासबुक की छाया प्रति, तथा भूमिधारी तहसीलदार, गढ़ी की ओर से प्रस्तुत जवाब का अवलोकन एंव प्रार्थी के अभिभाषक की बहस पर मनन् करने के पश्चात् न्यायालय इस निष्कर्ष पर पहूँचा है कि पटवार हल्का ओड़ा के मौजा ओड़ा के खाता संख्या 135 (नया) 30 (पुराना) के कुल किता 21 रकबा 2.91 हे0, भूमि में अंकित भेमा के स्थान पर लक्ष्मणलाल बाकि बदस्तुर दर्ज करने का आदेश दिया जाता है।

निर्णय आज दिनांक 08.8.2024 को सुनाया गया।

(अन्जु शर्मा)
उपखण्ड अधिकारी
गढ़ी

उपखण्ड अधिकारी
गढ़ी, जिला बांसवाड़ा

Signature Not Verified

Digitally signed by Anju Sharma
Date: 2024.09.09 11:21:09 IST
Reason: SelfAttested

Scanned with OKEN Scanner

6.8.24 पत्रावली पेश हुई। अहलमद उपस्थित। पत्रावली का अवलोकन किया गया। प्रकरण में प्रार्थी की ओर से प्रस्तुत प्रार्थना पत्र, T.D.R. रिपोर्ट का अवलोकन किया जाकर निर्णय पृथक से जारी कर शामिल पत्रावली किया गया। पत्रावली फैसल शुमार कर दाखिल दफ्तर हो।

उपखण्ड अधिकारी
गढ़ी, जिला बांसवाड़ा

Signature Not Verified

Digitally signed by Anju Sharma
Date: 2024.09.09 11:21:09 IST
Reason: SelfAttested

Scanned with OKEN Scanner